संदेश

जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर, मैं भारत और विदेशों में रहने वाले सभी देशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं देता हूं।

योगेश्वर श्री कृष्ण की प्रेरणा से हम एक ऐसे समाज की रचना कर सकते हैं, जो न्याय प्रिय, संवेदनशील और करुणामय हो। 'निष्काम कर्म' के अपने संदेश में उन्होंने परिणाम की चिंता किए बिना कर्म पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया है। यह भावना हमारे सभी कोरोना योद्धाओं के कार्य में झलकती है जो COVID-19 के विरुद्ध हमारी लड़ाई में अग्रिम पंक्ति में रहकर काम कर रहे हैं।

यह त्योहार मनाते हुए, आइए हम सभी अपने जीवन और मानवता के उत्थान के लिए श्री कृष्ण की शाश्वत और सार्वभौमिक शिक्षाओं का पालन करने का संकल्प लें।

****